दिनांक–09.01.2026 को अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की अध्यक्षता में विद्युत विपत्रों के बकाये राशि के भुगतान हेतु पूर्णियाँ प्रक्षेत्र अंतर्गत सभी अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता के साथ सम्पन्न समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः–

---

1. **विद्युत विपत्रों के भुगतान की स्थितिः–**

❖ विद्युत विपत्रों के बकाये राशि की भुगतान की समीक्षा के क्रम में दिनांक–01.09.2025 के आधार पर की गई दावा का संयुक्त सत्यापनोपरांत HGN एवं गैर HGN जलापूर्ति योजनाओं के उपभोक्ता संख्याओं के विद्युत विपत्रों का संवेदकों/एजेंसियों के माध्यम से भुगतेय कुल लंबित बकाया राशि ₹3551.45 लाख है, जिसके विरूद्ध दिनांक–08.01. 2026 तक मात्र ₹2381.37 लाख का भुगतान प्रतिवेदित किया गया है।

विवरणी निम्नवत हैः–

क्रम संख्या	प्रमंडल का नाम	दिनांक–01.09.2025 के आधार पर(HGN एवं गैर HGN जलापूर्ति योजनाओं) संयुक्त सत्यापनोपरांत कुल राशि	भुगतान अवधि दिनांक–10. 11.2025 से 21.12.2025 तक	भुगतान अवधि दिनांक–22. 12.2025 से 08.01.2026 तक	भुगतान हेतु शेष राशि
		कुल राशि (लाख)	भुगतान की राशि (लाख)	भुगतान की राशि (लाख)	कुल राशि (लाख)
1.	सहरसा	660.87	262.03	28.94	369.90
2.	मधेपुरा	387.78	154.48	72.45	160.85
3.	कटिहार	576.65	131.08	290.48	155.09
4.	अररिया	429.48	127.25	176.00	126.23
5.	फारबिसगंज	458.81	306.86	46.22	105.73
6.	सुपौल	323.71	177.32	78.27	68.12
7.	धमदाहा	207.73	76.22	63.76	67.75
8.	पूर्णियाँ	190.05	56.69	74.29	59.07
9.	किशनगंज	316.37	208.44	50.59	57.34
कुल		3551.45	1500.37	881.00	1170.08

पूर्व में इन सभी प्रमंडलों को निदेश दिया गया था कि दिनांक–16.01.2026 तक कुल संयुक्त सत्यापित बकाया राशि का शत–प्रतिशत भुगतान कराना सुनिश्चित करेंगे। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सहरसा में भुगतान की स्थिति अभी भी दयनीय है। मधेपुरा एवं किशनगंज में भुगतान की स्थिति एवं प्रतिवेदित बकाया राशि में भिन्नता पाई गई है। साथ ही लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, कटिहार द्वारा पूर्व में प्रतिवेदित त्रूटिपूर्ण भुगतान में सुधार नहीं कराया गया है। अतः अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, सहरसा एवं पूर्णियाँ को निदेशित किया गया कि उक्त प्रमंडलों का कार्यालय निरीक्षण कर, प्रतिवेदित भुगतान एवं बकाये राशि की विसंगति

की जांच करते हुए त्रूटि रहित प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे एवं सभी अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंताओं को यह भी निदेश दिया गया कि निर्धारित अवधि के भीतर शत–प्रतिशत भुगतान कराना सुनिश्चित किया जाय।

अनुपालनः– संबंधित सभी अधीक्षण अभियंता / संबंधित सभी कार्यपालक अभियंता।

❖ समीक्षा के क्रम में पाया गया कि प्रमंडलों का MIS पर Electric Activity Module में प्रविष्टि अभी भी पूर्ण नहीं हुआ है। संबंधित सभी कार्यपालक अभियंताओं (यांत्रिक सहित) को निदेश दिया गया कि अगले तीन दिनों के भीतर MIS पर Electric Activity Module में शेष बचे उपभोक्ता संख्याओं का त्रूटि रहित प्रविष्टि कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, संबंधित अधीक्षण अभियंताओं (यांत्रिक सहित) एवं सहायक यांत्रिक अभियंता–सह–नोडल पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि अपने स्तर से प्रमंडलों द्वारा की गई प्रविष्टि कार्य की प्रगति की समीक्षा करेंगे एवं निर्धारित समयावधि अंतर्गत कार्य पूर्ण करायेंगे।

अनुपालनः– संबंधित अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक सहित)/सभी कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक सहित)/सहायक यांत्रिक अभियंता–सह–नोडल पदाधिकारी।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/बैठक-105/25 – 60 दिनांक– 27.01.2026

प्रतिलिपिः– सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रक्षेत्र, बिहार/सभी अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल/सभी कार्यपालक अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बिहार / सभी सहायक यांत्रिक अभियंता–सह नोडल पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक अवर प्रमंडल, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/मै०क० - 105/25 - 60 दिनांक– 27.01.2026

प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0/का0प्र0)/अपर सचिव/सभी मुख्य अभियंता (उत्तर बिहार/दक्षिण बिहार/यांत्रिक/अनुश्रवण)/अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव के प्रावैधिक सचिव/विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी/बजट पदाधिकारी/आइटी मैनेजर/सभी प्रशाखा पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः– 14/मै०क० - 105/25 - 60 दिनांक– 27.01.2026.

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव /विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)